





# बदकन गौशाला का निरीक्षण : सरकारी रिकॉर्ड में 102, मौके पर मिले 165 गोवंश

## 90 एकड़ शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त हो जाए तो गोवंशों को मिल सकती है बेहतर सुविधाएं


नवभारत न्यूज

**मझगवां 11 मई, जिले के मझगवां विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बदकन स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया। यह गौशाला वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना के तहत स्थापित की गई थी। वर्तमान में इसका संचालन ज्ञानेंद्र महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है।**



निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 6 कर्मचारी मौके पर कार्यरत पाए गए, जबकि गोवंशों की संख्या लगभग 165 बताई गई, अब सवाल यह उठता है कि जहां पर प्रशासन 102 मवेशियों को खाने-पीने की राशि प्रदान करती है वहां 165 या उससे अधिक पशुओं का गुजारा कैसे होता होगा। दूसरी ओर, जनपद कार्यालय के सरकारी रिकॉर्ड में यहां केवल 102 गोवंश दर्ज हैं। मौके पर मौजूद पशुओं और सरकारी आंकड़ों में अंतर कई सवाल खड़े करता है, जिनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक प्रतीत होती है। गौशाला परिसर में स्टोर रूम की पर्याप्त व्यवस्था देखने को मिली, जहां करीब 50 टन भूसा सुरक्षित रखा गया था। इससे यह स्पष्ट होता है कि पशुओं के चारे की व्यवस्था फिलहाल संतोषजनक स्थिति में है।

निरीक्षण के दौरान गौशाला संचालक राम प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि गौशाला के आसपास लगभग 90 एकड़ शासकीय भूमि मौजूद है। यदि प्रशासन इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा दे, तो गोवंशों को पर्याप्त मात्रा में खुले में घूमने, चरने और प्राकृतिक वातावरण में रहने की सुविधा मिल सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में असफल नजर आ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, यदि समय रहते इस भूमि को मुक्त कराया जाए तो गौशाला क्षेत्र को एक आदर्श गौ संरक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन सरकारी रिकॉर्ड और वास्तविक स्थिति के अंतर पर क्या कदम उठाता है तथा गोवंशों के लिए उपलब्ध शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई होती है या नहीं।



# दीनदयाल शोध संस्थान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर हुई विचार गोष्ठी

▶ वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में ऊर्जा संरक्षण में हमारी भूमिका पर वक्ताओं ने रखे विचार

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 11 मई, दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट द्वारा ﾮवर्तमान वैश्विक परिदृश्य में ऊर्जा संरक्षण में हमारी भूमिकाﾮ पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महंत माधव दास करह आश्रम एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ भरत मिश्रा पूर्व कुलगुरु महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय एवं वक्ता के रूप में इं आंजनेय पांडेय कुलसचिव महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय, प्रो अमरजीत सिंह अधिष्ठाता प्रबंधन संकाय उपस्थित रहे। संगोष्ठी में शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं समाजसेवियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन एवं कार्यक्रम के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी डॉ मनोज त्रिपाठी वरिष्ठ शोध अधिकारी एवं प्रभारी शोध आरोग्यधाम द्वारा प्रदान की गई। प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है इसलिए हम सबको इसको करना चाहिए। महंत माधव दास ने कहा कि हमें तमोगुण छोड़कर रजोगुण एवं सतोगुण वाली ऊर्जा संरक्षित करनी चाहिए, वाणी पर संयम रखना चाहिए?। हनुमान जी महाराज ने सबसे अधिक ऊर्जा का संचय किया है तभी वह समुद्र पार कर वापस आ सके। अत: हमें आंतरिक एवं वाह्य दोनों क्षेत्र की ऊर्जा का संरक्षण एवं संचय करना चाहिए। प्रो आंजनेय पांडे ने कहा कि हमें ऊर्जा के नवीनीकृत स्रोतों का उपयोग अधिक अधिक करना चाहिए। प्रो अमरजीत सिंह ने कहा कि ऊर्जा के दुरुपयोग के कारण आज ग्लोबल वार्मिंग जैसी स्थितियां पैदा हो रही है जिसके लिए हम स्वयं जिम्मेदार हैं और यदि अभी नहीं चेते तो भविष्य में कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ अशोक पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दीनदयाल शोध संस्थान के महाप्रबंधक डॉ अनिल जायसवाल, उद्यमिता विद्यापीठ प्रभारी मनोज सैनी, सुरेंद्र पाल विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ व्याख्याता अशोक दीक्षित सहित विद्यालय के अनेक शिक्षक एवं शोधार्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# पटवारी का हुआ जोरदार स्वागत मंडी में किसानों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

**नागौद 11 मई, मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने सतना जिले के दौरे के दौरान नागौद कृषि उपज मंडी पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लिया और किसानों से संवाद कर स्लाट बुकिंग और भवंतर और गेंहू खरीदी केंद्रों हो रही परेशानियों से अवगत हुए,**

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष और सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा भी साथ रहे इसके पूर्व नागौद पहुंचने पर कांग्रेसजनों ने श्रीपटवारी का जोरदार स्वागत किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट मुखतार अहमद सिद्दीकी ने मंडी खरीदी पर सवाल उठाए साइलो में 4 दिन से ट्रेक्टर खड़े है तुलवाई बंद है। इस दौरान जेसीबी से फूल बरसाकर, पटाखे फोड़कर स्वागत किया जिसमें गजेंद्र सिंह परिहार गुड्डू पूर्व किसान जिला अध्यक्ष जिला महामंत्री विनीत सिंह बिनु भैया महेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष मोहमद हामिद पूर्व अध्यक्ष के नेतृत्व में मंडी में स्वागत सिंहपुर चौराहे में अजगर माला जेसीबी से फूल बरसाकर स्वागत नागेश मिश्रा संगठन मंत्री युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष वरुण गुजर विनोद कुशवाहा सिंहपुर चौराहे में युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव शिवम हिलौंधा के नेतृत्व में स्वागत किया गया.

### इन्होंने किया स्वागत

पीपल चौराहे में अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष फिरोज आलम जेसीबी से फूल बरसाकर स्वागत किया अजय प्रजापति ने स्वागत किया पटवारी की से वरिष्ट कांग्रेसी पूर्व अध्यक्ष अखलाश सिद्दीकी राजू भाई ने खुरचन भेंट की पूर्व डायरेक्टर मृगेंद्र सिंह मंटू अमिलिया डॉ यज्ञ दत्त त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य संध्या कुशवाहा जिला पंचायत सदस्य विमला कोल ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस संध्या कुशवाहा अभिलाष कुशवाहा ब्लॉक अध्यक्ष पिछड़ा राहुल सोनी पार्षद बाबूलाल चूहतेल पार्षद मुख्तार पप्पू पार्षद रियाज गोलू सतू कुशवाहा मीडिया धर्मेंद्र रजक ईस्ताक मंसूरी जगह जगह पटवारी की का स्वागत जेसीबी अजगर माला मिष्ठान से तौलकर कलश तोरण द्वार से किया गया आज का जन सैलाब देखकर लग रहा था कि जनता बदलाव चाहती है।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का राम शंकर पयासी ने किया भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

**सतना 11 मई, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी का सतना पहुंचने पर रामशंकर पयासी ने स्वागत किया।**



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के सतना रेलवे स्टेशन पहुंचने पर रामपुर बाघेलान के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी ने अपने समर्थकों एवं कांग्रेस जनों के साथ उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं नारों के साथ प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया।

सर्किट हाउस में आयोजित सांगठनिक बैठक में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राम शंकर पयासी ने सहभागिता निभाई और रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र की संगठनात्मक स्थिति एवं कार्यकर्ताओं की मजबूती को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी ने भी संगठन को मजबूत बनाने एवं आगामी रणनीति को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

बैठक के दौरान जिले के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में संगठनात्मक एकजुटता और आगामी चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला।

## आज सांसद रामनगर क्षेत्र के दौरे में रहेंगे

**रामनगर 11 मई,** सतना सांसद गणेश सिंह 12 मई 2026 मंगलवार को अमरपाटन क्षेत्र के दौरे में रहेंगे। दौरे में दोपहर 12:00 ग्राम पंचायत सरिया में सामुदायिक भवन का लोकार्पण और शाम 4:00 बजे ग्राम पंचायत हिनौती में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करेंगे। सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल ने भाजपा के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील किया है।



# नुक्कड़ नाटक में दिया जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश

नवभारत न्यूज

**सतना 11 मई, आज ग्राम पंचायत आमीन में प्राप्तयंसा लोक संस्कृति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आमीन के तत्वावधान जल चौपाल में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला जनपद पंचायत अमरपाटन मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद मणि मिश्रा ,मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक , जिला समन्वयक डॉक्टर राजेश तिवारी , विकासखंड समन्वयक श्रीमती ममता सिंह , जनपद सदस्य श बृजेंद्र द्विवेदी , बद्रीश सेवा संस्थान समिति चित्रकूट के अध्यक्ष राम प्रकाश त्रिपाठी ,महाबौद्ध जन स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास केंद्र से राज्य समन्वयक तुषार बंसल संजू मिश्रा एवं राम प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में डॉक्टर राजेश तिवारी ने जल बचाने को लेकर विशेष बात रखी की किस तरह से वर्षा जल को बहाने से रोक कर जमीन के अंदर भेजा जाए और जल स्रोतों को किस तरह से बचाया जाए इस पर अपनी बात रखी और लोगों से अपील भी की आप लोग जल संचय को लेकर अपनी बात रखी. संभाग समन्यक प्रवीण मिश्रा ने भी जल के साथ पर्यावरण पर चर्चा की लोगों से अपील की कि आप हर वर्ष कम से कम एक वृक्ष जरुर लगे जिससे आने वाली पीढ़ियां ऑक्सीजन के लिए परेशान ना हो इस पर अपनी बात रखी जनपद पंचायत अमरपाटन मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेदमणि मिश्रा ने जल मुख्यमंत्री द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल चौपाल को लेकर लोगों से बात कही साथ ही मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की प्रशंसा करते हुए कहा की जन अभियान परिषद सरकार की योजनाओं को अभियान मन करने में अपनी अच्छी भूमिका निभा रहा है नुक्कड़ नाटक में भी किस तरह भागीरथी गंगा धरती पर आई और लोगों की के लिए शुद्ध जल कैसे दे रही हैं और हमें कैसे बचना चाहिए इस पर नाटक के द्वारा उन्होंने अपनी बात रखी कार्यक्रम में महाबोध जन स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास केंद्र के द्वारा स्वच्छता ग्राहियों को मास्क. ग्लव्स एवं कैप का वितरण किया गया एवं साथ ही तालाब से निकले हुए कचरे को सीधे कचरा गाड़ियों में डालकर डंपिंग पॉइंट पर भेजा।

# उचेहरा में 30 एवं 31 मई को दो दिवसीय कव्वाली

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 11 मई, नौगजा शाह दाता रहमतुल्लाह अलैह के उर्स-ए-मुबारक में 30-31मई को सजेगी कव्वाली की महफिल बजेगी जिसमें मोहब्बत और हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल दिखेंगी।**



उर्स-ए-मुबारक के मौके पर 30 एवं 31 मई 2026 की रात भव्य कव्वाली प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें टीवी और रेडियो सिंगर फैजान ताज (नागपुर), नईम साबरी (बदायूं) और मशहूर कव्वाला नेहा सुल्तानी (उन्नाव) अपने सूफियाना कलाम और दिलकश आवाज़ से अकीदतमंदों को रूहानी माहौल में सराबोर करेंगी।

पूरी रात चलने वाली इस महफिल-ए-समा में हजारों की संख्या में दूर-दराज से लोग शामिल होंगे, जहां सिर्फ़ कव्वाली ही नहीं बल्कि हिंदू-मुस्लिम एकता, आपसी भाईचारे और मोहब्बत का खूबसूरत मंजर भी देखने को मिलेगा। हर साल की तरह इस बार भी दोनों समुदायों के लोग मिल-जुलकर उर्स-ए-मुबारक में शरीक होंगे और गंगा-जमुनी तहज़ीब की बेहतरीन मिसाल पेश करेंगे।

गौरतलब है कि दरगाह हज़रत नौगजा शाह दाता रहमतुल्लाह अलैह और संत विदेहीं दास जी की यह मुक़द्दस सरज़मीं पूरे संभाग में आपसी सौहार्द, इंसानियत और हिंदू-मुस्लिम एकता की पहचान मानी जाती है। यहां हर साल उर्स के दौरान जो रूहानी, मोहब्बत भरा और भाईचारे का माहौल बनता है, वह लोगों के दिलों को जोड़ने का काम करता है।

उर्स कमेटी के सदर मुबारक अली भूरा ने तमाम अकीदतमंदों और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उर्स-ए-मुबारक में शरीक हों, औलिया अल्लाह की बारगाह में हाज़िरी दें और इस रूहानी व भाईचारे से भरी महफिल का हिस्सा बनें।

# ऐसे भरभराकर गिरी स्कूल की इमारत, अगर बच्चे होते तो हो सकता था बड़ा हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना 11 मई, मैहर जिले अंतर्गत नादन सर्किल में ग्राम करतहा में बना प्राथमिक शाला भवन अचानक भरभराकर गिर गया। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय स्कूल में बच्चे मौजूद नहीं थे, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था।**



इस घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल भवन का निर्माण लगभग 10 से 15 वर्ष पहले कराया गया था। सामान्यत: सरकारी भवनों की उम्र कई दशकों तक मानी जाती है, लेकिन इतनी कम अवधि में भवन का गिर जाना साफ तौर पर घटिया निर्माण सामग्री और लापरवाही की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिन लोगों ने इस भवन का निर्माण कराया, क्या उनके खुद के मकान भी केवल 15 साल में गिर जाते हैं? लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी निष्पक्ष जांच होना जरूरी है। गौरतलब है कि इसी भवन में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे अध्ययन करने आते थे। यदि स्कूल समय के दौरान यह हादसा होता, तो कई मासूम बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती थी। घटना के बाद अभिभावकों में भी भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही बच्चों के लिए जल्द से जल्द सुरक्षित और मजबूत भवन उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई है।

# डॉ .रीना सिकरवार पदोन्नति के बाद नागौद में स्थाई रुप से पदस्थ

नवभारत न्यूज

**नागौद 11 मई, जिले के नागौद सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को एक बार फिर मजबूती मिली है। अस्पताल में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रीना सिकरवार को क्लास-वन पदोन्नति मिलने के बाद पुन: स्थाई तौर पर नागौद सिविल अस्पताल में पदस्थ किया गया है।**



डॉ. रीना सिकरवार के लंबे अनुभव और महिला रोगों के उपचार में विशेषज्ञता का लाभ अब क्षेत्र की महिलाओं को लगातार मिलता रहेगा। बताया जा रहा है कि उनके लगभग 8 वर्षों के अनुभव से प्रसूति एवं स्त्री रोग संबंधी इलाज के लिए मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं को अब बड़े शहरों की ओर कम रुख करना पड़ेगा, जिससे समय और आर्थिक खर्च दोनों की बचत होगी। स्थानीय लोगों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवारजनों एवं उनसे जुड़े लोगों ने खुशी व्यक्त की साथ ही राजभान सिंह परिहार कचनार ने अपनी पुत्रवधु की इस उपलब्धि में सभी इष्ट मित्रों परिवारजनों और शुभचिंतकों का आभार प्रकट किया ।

## खरीदी केंद्रों में किसानों से लूट , प्रशासन मौन



**कोटर ।** ब्लाक काग्रेस कमेटी कोटर के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा है कि गेहूं खरीदी केंद्रों में किसानों से लूट की जा रही है किसानों से पर बोरी 50 किलो ग्राम की तौल की पर्ची किसानों को दी जाती है लेकिन किसानों से पर बोरी 50 .600 किलो ग्राम की जाती है किसानों से 6 रुपए बोरी की तलाई ली जाती है जबकि तौलाई का पैसा शासन द्वारा खरीदी केंद्रों को दिया जाता है ।उन्होंने कहा कि शासन द्वारा खरीदी केंद्रों में किसानों को कई सुविधाएं दी जाती है लेकिन खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए कोई भी सुविधा नहीं दिखाई देती यदि खरीदी केंद्रों में अधिक तलाई का विरोध किया जाता है तो विरोध करने बालों के साथ खरीदी केंद्र के कर्मचारियों द्वारा गुंडा गर्दी की जाती है शासन से मेरी मांग है खरीदी केंद्रों में किसानों से की जा रही अधिक तौल को तत्काल रोका जाए एवं किसानों को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधा खरीदी केंद्रों में उपलब्ध कराई जाए।



# वैवाहिक वर्षगांठ पर जरुरतमंदों को किया फल वितरित , गौमाताओं को खिलाया गुड़ - चोकर

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 11 मई, युवा वैश्य परिषद के अध्यक्ष बलराम गुप्ता - करुणा गुप्ता की वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर सेमरिया चौक के शनि मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त कर सभी लोगों को प्रसाद में फल वितरण कर अपने वैवाहिक वर्षगांठ को यादगार के रूप में बनाया।**

साथ ही गौशाला चौक स्थित सदावर्त गौशाला गौ ग्रास गुड चोकर खिलाकर मित्रों के साथ गौशाला में गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गौशाला कमेटी के कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ,शिवकुमार त्रिपाठी एवं वैश्य परिषद के पदाधिकारी राजेंद्र गुप्ता पतोरा वाले छवी गुप्ता सज्जनपुर जेपी गुप्ता वैश्य महासम्मेलन महामंत्री भगवा शक्ति परिषद के गौ रक्षा इकाई के नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता राम जी ओम दिया धार्मिक त्रिशा यति रुद्रांश नेहा प्रियंका अंकिता अधीश रवि गुप्ता( हिरौंदी) पत्रकार आदि उपस्थित रहे।

# चित्रकूट में 21 जोडों की शादी के साथ हुआ अखिल भारतीय कन्यादान विवाह महायज्ञ

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 11 मई, विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट के राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में समाजसेवी रामबाबू गुप्ता द्वारा आयोजित भोजवाल समाज का अखिल भारतीय तृतीय कन्यादान विवाह महायज्ञ में 21 जोडों का वैदिक रीति-रिवाज के साथ सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ।**



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति,एमएलसी गोपाल अजान ने समाजसेवी रामबाबू गुप्ता के प्रयासों की जमकर सराहना करते हुए सामूहिक विवाह को प्रोत्साहन देने का आहवान किया। मंत्री ने कहा कि सामूहिक विवाह की परम्परा गरीब परिवारों के लिए वरदान बन गई है। योगी सरकार द्वारा हर साल प्रदेष की हजारों बेटियों की सामूहिक षादी करा गरीब पिता के सपनों को साकार कर रही हैधर्मनगरी चित्रकूट के रामायण मेला परिसर सीतापुर में आयोजित दो दिवसीय भोजवाल समाज का अखिल भारतीय कन्यादान विवाह महायज्ञ रविवार को धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति व विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान,विषिष्ट अतिथि रहे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य,गायत्री षक्ति पीठ चित्रकूट के व्यवस्थापक डा0रामनारायण त्रिपाठी आदि का कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला मंत्री समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक रामबाबू गुप्ता ने बताया कि धर्मनगरी चित्रकूट में उनके द्वारा तृतीय सामूहिक विवाह कन्यादान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है इस बार 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ है और अगली बार कम से कम 51 जोडों की पूरे विधि-विधान के साथ विवाह संपन्न कराया जायेगा। वहीं राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि रामबाबू गुप्ता ने जो इस पहल की शुरुआत की है यह बहुत ही पुण्य का काम है। जिसमें गरीब असहाय परिवार की बेटियों के विवाह में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले लोग सम्मेलनों में विवाह से संकोच करते थे लेकिन अब धीरे-धीरे लोगों में जागरूकता आई है और लोग आगे आ रहे हैं और अब सभी समाज के लोग जागरुक हो रहे हैं और अपने बच्चों का विवाह सम्मेलनों में कर रहे है। जिसमें मंत्री,सांसद और विधायक पहुंच करके वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में विवाह करने से दोनों परिवार का समय पैसा की बचत होती है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार द्वारा भी सामूहिक विवाह आयोजन किए जाते हैं।



# अनिल अग्रवाल के निर्वाचन पर हर्ष

नवभारत न्यूज

**कोटर 11 मई, डिस्ट्रिक 3233ष्ट जिसमें पूरा छत्तीसगढ़ एवं मप्र के रीवा सागर जबलपुर शहडोल संभाग के कुल 136 क्लब आते हैं 10 मई को कोरवा में हुए चुनाव में 167 वोट पाकर द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर pmjf अनिल अग्रवाल कोरवा निर्वाचित हुए.**

उनके प्रतिद्वंदी से 63 मतों से हराया उनके निर्वाचन होने पर लायंस क्लब उद्धव के सचिव लायन सव्यसाची अध्यक्ष लायन मृत्यंजय मिश्रा अधिवक्ता पी आर ओ लायन विपिन शर्मा लायन साधना मिश्रा लायन ज्ञान सिंह लायन जयेंद्र शुक्ला एवं लायंस क्लब सतना के सचिव डॉ रमेश मिश्रा लायन राकेश मिश्रा पीडीजी मल्टीपल पत्रिका संयोजक लायन सतेंद्र शर्मा लायन राज श्रीवास्तव लायन गीता सिंह लायन रचना अवस्थी लायंस क्लब विंध्य के लायन विजय सिंह लायन आर बी नामदेव अध्यक्ष सचिव राजेश अग्रवाल लायन पाठक जी लायन रविन्द्र शुक्ला आदि ने बहुत बहुत बधाई दी है विदित है कि सत्र 28 एवं 29 में गवर्नर होगे सत्र 26 एवं 27 के लिए pmjf लायन रिपुदमन सिंह पुसरी एवं सत्र 27 एवं 28 के लिए द्वद्धद्ध लायन पवन मालिक भी निर्वाचित हुए सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई संप्रेषित की गई।